**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1022**
**सोमवार, 2 दिसंबर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)**

## झारखंड में एनसीएस योजना

**1022. श्री दुलू महतो:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) योजना के अंतर्गत झारखंड में आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की स्थापना की गई है;
(ख) झारखंड सरकार को आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की स्थापना हेतु प्राप्त वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ग) वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक झारखंड में एमसीसी हेतु जारी की गई कुल निधि का ब्यौरा क्या है;
(घ) झारखंड में एमसीसी के माध्यम से किस प्रकार की सेवाएं प्रदान की जा रही हैं; और
(ङ) झारखंड में एनसीएस योजना के अंतर्गत अब तक करियर परामर्श और रोजगारोन्मुखी सेवाओं का लाभ उठाने वाले लोगों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): सरकार राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपांतरण के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना कार्यान्वित कर रही है ताकि रोजगार संबंधी विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे रोजगार खोज एवं मिलान, आजीविका परामर्श, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर सूचना, नियोजनीयता मूल्यांकन, नियोजनीयता संवर्धन प्रशिक्षण आदि प्रदान की जा सके। एनसीएस योजना के अंतर्गत, आदर्श करियर केन्द्रों (एमसीसी) की स्थापना के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। ये एमसीसी राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से विभिन्न प्रकार की करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करते हैं जैसे रोजगार मेलों का आयोजन, नियोक्ताओं को संगठित करना, स्थानीय स्तर पर रोजगार चाहने वालों को करियर परामर्श आदि। झारखंड में अब तक 20 एमसीसी को मंजूरी दी गई है।

स्थापना के बाद से भारत सरकार ने झारखंड राज्य सरकार को 15 नवंबर, 2024 तक एमसीसी की स्थापना के लिए 319.66 लाख रुपये जारी किए हैं, जिसमें से एनसीएस योजना के तहत वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 तक 282.18 लाख रुपये जारी किए गए हैं।

एनसीएस योजना के तहत झारखंड में आयोजित करियर परामर्श और रोजगार उन्मुखीकरण सेवाओं का जिला-वार विवरण अनुबंध में है।

*****

अनुबंध

"झारखंड में एनसीएस योजना" पूछे गए श्री दुलू महतो द्वारा लोक सभा के दिनांक 02.12.2024 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1022 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

स्थापना से लेकर अक्टूबर, 2024 तक करियर परामर्श और नौकरी उन्मुखीकरण सेवाओं का ब्यौरा

| क्र.स. | विभिन्न जिलों में मॉडल करियर केंद्र | ऑनलाइन काउंसलिंग की संख्या | ऑफलाइन काउंसलिंग की संख्या | आयोजित रोजगार मेलों की संख्या | रोजगार मेलों में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की संख्या | आउटरीच गतिविधियों की संख्या* |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची रोजगार कार्यालय | 32 | 1386 | 60 | 11819 | 37 |
| 2 | धनबाद कुमारधुबी जिला रोजगार कार्यालय | 27 | 8099 | 51 | 6167 | 287 |
| 3 | घाटशिला पूर्वी सिंहभूम जिला रोजगार कार्यालय | 13 | 10306 | 88 | 8100 | 298 |
| 4 | बोकारो थर्मल रोजगार कार्यालय | 16 | 4702 | 30 | 892 | 203 |
| 5 | दुमका रोजगार कार्यालय | 2 | 1699 | 14 | 875 | 16 |
| 6 | देवघर रोजगार कार्यालय | 16 | 6645 | 23 | 6092 | 96 |
| 7 | सरायकेला रोजगार कार्यालय | 0 | 10462 | 58 | 8718 | 323 |
| 8 | सिमडेगा रोजगार कार्यालय | 1 | 5241 | 37 | 2832 | 168 |
| 9 | लोहरदगा रोजगार कार्यालय | 0 | 12524 | 79 | 2997 | 270 |
| 10 | गढ़वा रोजगार कार्यालय | 14 | 5355 | 29 | 3880 | 234 |
| 11 | कोडरमा रोजगार कार्यालय | 21 | 4588 | 44 | 3840 | 393 |
| 12 | रामगढ रोजगार कार्यालय | 8 | 6776 | 42 | 3221 | 754 |
| 13 | खूंटी रोजगार कार्यालय | 1 | 9172 | 67 | 7919 | 229 |
| 14 | चांडिल सरायकेला खरसावां जिला रोजगार कार्यालय | 4 | 7124 | 54 | 5498 | 784 |
| 15 | गिरिडीह रोजगार कार्यालय | 6 | 4592 | 19 | 2609 | 125 |
| 16 | गोड्डा रोजगार कार्यालय | 8 | 2077 | 11 | 507 | 86 |
| 17 | साहेबगंज नियोजनालय | 3 | 6374 | 37 | 7560 | 195 |
| 18 | पाकुड़ रोजगार कार्यालय | 4 | 4679 | 39 | 6496 | 194 |
| 19 | गुमला नियोजनालय | 0 | 8482 | 46 | 7161 | 253 |
| 20 | पलामू रोजगार कार्यालय | 9 | 5849 | 28 | 1151 | 255 |

*आउटरीच गतिविधियों में करियर वार्ताएं, करियर कार्यशालाएं, रोजगार योग्यता संवर्धन कार्यक्रम आदि शामिल हैं.